आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 22.07.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- संसद का बजट सत्र आज से शुरू हो रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज संसद में आर्थिक सर्वेक्षण पेश करेंगी।
- द्वीपसमूह के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थान में ''डायरिया रोको'' अभियान चलाया जा रहा है।
- सर्वोच्च न्यायालय नीट–यूजी परीक्षा में अनियमितताएं और उसको रद्द करने की मांग से जुड़ी विभिन्न याचिकाओं पर आज सुनवाई करेगा।
- सावन का महीना आज से आरंभ हो गया है।
- एम.वी. स्वराज द्वीप आज पोर्ट ब्लेयर से विशाखापटनम के लिए रवाना होगा।

<><><><><><><>

संसद का बजट सत्र आज से शुरू हो रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज संसद में आर्थिक सर्वेक्षण पेश करेंगी। आर्थिक सर्वेक्षण अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों पर सांख्यिकीय जानकारी और विश्लेषण प्रदान करता है। वित्त मंत्री कल लोकसभा में वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस का केंद्रीय बजट पेश करेंगी। यह नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट होगा। पिछले महीने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा था कि यह बजट सरकार की दूरगामी नीतियों और भविष्यवादी दृष्टिकोण का एक प्रभावी दस्तावेज होगा। सरकार इस सत्र में छह नए विधेयक पेश कर सकती है। इनमें आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, बॉयलर विधेयक, भारतीय वायुयान विधेयक, कॉफी (संवर्धन और विकास) विधेयक और रबर (संवर्धन और विकास) विधेयक शामिल हैं।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थान में ''डायरिया रोको'' अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग यू.टी स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से हाल ही में न्यू पहाडगांव के सामुदायिक हॉल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य सेवा निदेशक डा. सूजा एंथोनी मुख्य अतिथि थी। उन्होंने ज़मीनी कार्यकर्ताओं से डायरिया की रोकथाम में सहयोग देने और इससे

ग्रसित मरीज़ों का जल्द से जल्द उपचार करने को कहा। परिवार कल्याण के उप निदेशक डॉ. अविजित रॉय ने डायरिया होने पर बच्चों को ओ आर एस और ज़िंक की दवा देने को कहा। अच्छी तरह से हाथ धोने तथा साफ–सफाई बरतने के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम मे डॉ एम. जॉय, डॉ. श्वेता के अलावा पांडी सेल्वी ने भी अपने विचार रखे।

<><><><><><><>

सर्वोच्च न्यायालय नीट–यूजी परीक्षा में अनियमितताएं और उसको रद्द करने की मांग से जुड़ी विभिन्न याचिकाओं पर आज सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली खंडपीठ मामले की सुनवाई करेगी। खंडपीठ में न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। नीट यूजी दो हजार चौबीस परीक्षा में दो हजार तीन सौ इक्कीस विद्यार्थियों ने सात सौ या इससे अधिक अंक प्राप्त किये। परीक्षा में एक से सौ के बीच स्थान प्राप्त करने वाले उम्मीदवार छप्पन शहरों और पिचानब्बे केंद्रों के है।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में चार वर्षीय समन्वित कार्यक्रम में प्रवेश के लिए उम्मीदवारों की अस्थाई योग्यता सूची आज शाम तीन बजे प्रदर्शित की जाएगी। दावे और आपत्तियां कल से पच्चीस जुलाई तक स्वीकार किए जाएंगे। अंतिम योग्याता सूची सत्ताईस जुलाई की शाम तीन बजे प्रदर्शित की जाएगी। बी ए बी.एड अंग्रेजी, हिन्दी और इतिहास के लिए परामर्श एक अगस्त को सुबह साढ़े नौ बजे से, बी एस सी बी.एड गणित और कम्पयूटर सांईस के लिए दो अगस्त को सुबह साढ़े नौ बजे से परामर्श रखा गया है। तीन अगस्त से कक्षाएं आरंभ होंगी।

उधर, जी. बी. पंत अस्पताल में स्कूल ऑफ नर्सिंग में जी एन एम पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए परामर्श पांच अगस्त को सुबह दस बजे से स्कूल ऑफ नंर्सिग परिसर में लिया जाएगा। कक्षाएं बारह अगस्त से आरंभ होंगी।

<><><><><><><>

सावन का महीना आज से आरंभ हो गया। सावन के महीने मे श्रद्धालु शिव भक्ति में लीन रहते है। मंदिरों में शिवलिंग पर जल चढ़ाया जाता है। व्रत रखकर लोग पूजा पाठ करते है। उधर, मुख्यभूमि में कावड यात्रा का भी शुभारंभ हुआ है।

<><><><><><><>

नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय राज्य स्तरीय उल्लास मेला दो हजार चौबीस का हाल ही में गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सभागार में समापन हुआ। इस अवसर पर शिक्षा निदेशक आदित्य कुमार झा मुख्य अतिथि थे। उन्होंने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सी आर सी ब्लॉक, जिला और साक्षर मित्रों को प्रमाणपत्र, स्मृति चिह्न और ट्रॉफी प्रदान किए। ग्यारह सी आर सी को सर्वश्रेष्ठ सी आर सी प्रमाणपत्र और स्मृति चिह्न प्रदान किए गए जबकि अटठारह सी आर सी को सर्वश्रेष्ठ साक्षर मित्र पुरस्कार और तीन सी आर सी को सर्वश्रेष्ठ रिसोर्स पर्सन पुरस्कार प्रदान किए गए। निकोबार जिले को उनके निरंतर प्रयासों के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिले का पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के राज्य नोडल अधिकारी एवं उप निदेशक आर के सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए और कार्यक्रम समन्वयक राजा राम ने दो दिवसीय उल्लास मेला रिपोर्ट प्रस्तुत की। शिक्षा निदेशक ने सभी हितधारकों से लक्ष्यद्वीप और अन्य केंद्रशासित प्रदेशों और राज्यों के तर्ज पर इस द्वीपसमूह को भी सौ प्रतिशत साक्षर बनाने का आग्रह किया।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर के डीब्रेट में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का समापन हो गया है। इस कार्यशाला में द्वीपों में विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों से करीब पचास लोगों ने भाग लिया। समापन अवसर पर प्रतिभागियों ने अपने विचार भी साझा किए। डीब्रेट के प्रभारी प्राचार्य शंकर राव ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति दो हजार बीस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों से अपने अपने संस्थानों में इसका अच्छी तरीके से कियान्वयन करने के लिए कदम उठाने को कहा। दिल्ली विश्वविद्यालय के अधीन रामजस कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर अजय कुमार अरोड़ा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। समापन अवसर पर डीब्रेट की कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सराबनी मल्लिक ने भी अपने विचार रखे।

<><><><><><><>

एम.वी. स्वराज द्वीप आज पोर्ट ब्लेयर से विशाखापटनम के लिए रवाना होगा। यात्रियों को जहाज पर चढ़ाने का कार्य आज सुबह आठ बजे से शुरू होगा। जहाज दिन में दस बजे हैडो जेट्टी से छूटेगा।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज देहरादून में जुलाई दो हजार पच्चीस में कक्षा आठवीं में छात्र–छात्राओं के प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। परीक्षा एक दिसम्बर को आयोजित कराई जाएगी। प्रवेश के लिए आवेदन प्रपत्र और बुकलेट आर. आई एम. सी. से प्राप्त किए जा सकते हैं। आर. आई एम सी के वेबसाईट पर जाकर सामान्य श्रेणी के उम्मीदवार छः सौ रूपए और अनुसूचित जाति और जनजाति के उम्मीदवार पांच सौ पचपन रूपये का भुगतान कर आवेदन प्रपत्र हासिल कर सकते हैं। डिमांड ड्राफ्ट भेज कर भी आवेदन प्रपत्र मंगाया जा सकता है। सिर्फ आर. आई एम सी द्वारा जारी किए गए आवेदन प्रपत्र ही वैध माने जाएंगे। इच्छुक उम्मीदवार तीस सितम्बर तक संबंधित राज्य सरकारों को आवेदन पत्र भेज सकते है।

<><><><><><><>

अंतराष्ट्रीय चेस दिवस के सौ वर्ष पूरा होने के अवसर पर अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन की ओर से भी मरीना पार्क में कार्यक्रम आयोजित किया गया। सांसद बिष्णु पद रे इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे। इसमें करीब एक सौ चेस खिलाड़ियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

प्रधानमंत्री द्वारा नई दिल्ली के भारत मंडपम में विश्व धरोहर समिति के छियालीसवें सत्र का उद्घाटन करने के समाचार को –द डेली टेलीग्राम्स ने अपनी बड़ी खबर बनाते हुए प्रधानमंत्री के उस बयान को प्रमुखता दी है जिसमें उन्होंने कहा कि ''भारत का दृष्टिकोण विकास भी विरासत भी''। द्वीप समाचार ने इस खबर के अलावा अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ द्वारा चोबीस घंटे के भीतर सबसे ज्यादा गेम खेलने करने का गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने उप–राज्यपाल से मुलाकात कर लोगों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के समाचार को–इंफों इंडिया ने अपनी बड़ी खबर बनाया है।

डीब्रेट में राष्ट्रीय शिक्षानीति पर दो दिवसीय कार्यशाला का समापन होने के समाचार को – द इको ऑफ इंडिया ने अंदर के पन्ने में जगह दी है।

<><><><><><><>